हरिभूमि

सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 25 सितंबर 2025



04 अचानक निरीक्षण पर पहुंचे सीईओ वर्मा स्कूल ...



07 विजयपुर में खाद को लेकर किसानों ने तीन दिन में ...






## खबर संक्षेप

### पार्षद अनूप उर्मिल की माताजी का निधन

**सागर।** कृष्णगंज वार्ड पार्षद एवं एमआईसी सदस्य अनूप उर्मिल की माताजी तारा उर्मिल का 78 वर्ष की आयु में दिनांक 24 सितंबर बुधवार को आकस्मिक निधन हो गया है। वे 3 पुत्र और 2 पुत्रियों सहित भरपूरा परिवार छोड़ गयी हैं। उनकी अंतिम यात्रा गुरुवार 25 सितंबर को प्रातः 9 बजे निज निवास प्राईवेट बसस्टैंड के पास से गोपालगंज मुक्तिधाम जाएगी।

### नगर निगम परिषद का साधारण सम्मेलन 26 सितंबर को

**सागर।** नगर निगम परिषद का साधारण सम्मेलन 26 सितंबर शुक्रवार को दोपहर 12 बजे से निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, महापौर संगीता सुशील तिवारी, निगम आयुक्त राजकुमार खत्री एवं पार्षदों की उपस्थिति में नगर निगम कार्यालय के पुराने सभाकक्ष में आहूत किया गया है।

### तीर्थ यात्री 5 अक्टूबर को वैष्णोदेवी होंगे रवाना

**सागर।** मध्यप्रदेश शासन धार्मिक न्यास एवं धर्मस्य विभाग भोपाल के निर्देशानुसार जिले से 05 अक्टूबर को वैष्णो देवी तीर्थयात्रियों को यात्रा के लिए भेजा जाना है। शासन द्वारा सागर जिले हेतु 300 यात्रियों का कोटा निर्धारित किया गया है। निर्धारित कोटे से अधिक संख्या में आवेदन प्राप्त होने से तीर्थयात्रियों का चयन लाटरी प्रक्रिया द्वारा दिनांक 26.09.2025 को दोपहर 1 बजे एन.आई.सी. (राष्ट्रीय विज्ञान सूचना केन्द्र) सागर में किया जाएगा। लाटरी प्रकिया के दौरान जिले के सांसद, विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधि शामिल होंगें।

### लघु एवं कुटीर उद्योग जागरूकता कार्यक्रम

**सागर।** सामान्य प्रशासन विभाग एवं उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार सेवा पखवाडा के तहत आज महाविद्यालय में सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत प्रभारी प्राचार्य डॉ. आभा जैन की अध्यक्षता में लघु एवं कुटीर उद्योग जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. रमेश कुमार अहिरवार एवं नरेश कुमार प्रजापति ने लघु एवं कुटीर उद्योगों एवं इनके महत्व तथा उपयोगिता आदि के विषय में विद्यार्थियों को विस्तृत जानकारी प्रदान की। प्रभारी प्राचार्य ने ऊर्जा निर्माण एवं संरक्षण आदि पर विद्यार्थियों को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. साधना अवस्थी द्वारा एवं डॉ. अर्चना दुबे द्वारा कार्यक्रम का आभार प्रकट किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के स्टॉफ सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### अर्थशास्त्र विभाग में स्वच्छता शपथ दिलाई गई

**सागर।** डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के अर्थशास्त्र विभाग में स्वच्छता पखवाड़ा-2025 के अंतर्गत स्वच्छता शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रो. डी के नेमा (अधिष्ठाता छात्र कल्याण एवं विभागाध्यक्ष, वाणिज्य विभाग), प्रो. गिरिश मोहन दुबे (सेवानिवृत्त प्रो. एवं पूर्व विभागाध्यक्ष, अर्थशास्त्र विभाग), प्रो. केशव टेकाम (विभागाध्यक्ष, अर्थशास्त्र विभाग), प्रो. उत्सव आनंद (विभागाध्यक्ष, मनोविज्ञान विभाग), डॉ. आर वेंकटामुनी रेड्डी, डॉ. वीरेन्द्र सिंह मटसेनिया, डॉ. अखिलेश सिंह, डॉ. एकता श्रीवास्तव समस्त विभागीय कर्मचारीगण एवं शोधार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वाणिज्य विभाग के शोधार्थी एवं अर्थशास्त्र विभाग के समस्त शोधार्थी एवं स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों से स्वच्छता विषय एवं एकल उपयोग प्लास्टिक को त्यागने पर चर्चा की गई। इस दौरान प्रो. डी. के. नेमा (अधिष्ठाता छात्र कल्याण एवं विभागाध्यक्ष, वाणिज्य विभाग) द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी शिक्षकगण, कर्मचारीगण एवं विद्यार्थियों को स्वच्छता शपथ दिलाई गई।

---

पीड़ित ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें सरकार से विस्थापन का मुआवजा मिला था

# एचडीएफसी बैंक की रहली शाखा में करोड़ों की धोखाधड़ी विस्थापित ग्रामीणों के मुआवजे में हेराफेरी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहली

एचडीएफसी बैंक की रहली शाखा में धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। बैंक के कर्मचारियों पर दुर्गावती टाइगर रिजर्व क्षेत्र से विस्थापित हुए ग्रामीणों के सरकारी मुआवजे में हेरफेर करने का आरोप लगा है। पीड़ित ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें सरकार से विस्थापन का मुआवजा मिला था, लेकिन उनके खातों से कुछ राशि गायब हो गई है। कुछ मामलों में उनकी जानकारी के बिना ही बीमा पॉलिसियां और एफडी (फिक्स्ड डिपॉजिट) बनवा दी गईं। ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं थी और बैंक के कर्मचारियों ने जहां हस्ताक्षर करने को कहा, उन्होंने कर दिए। जब उन्हें पैसों की जरूरत पड़ी और वे बैंक गए, तो उनके खातों में पैसे नहीं थे। ग्राम मुहली के महेश ने बताया कि मेरे खाते में तीन लाख रुपए थे जरूरत पर निकालने आए तो रकम




खाते में नहीं थी। ऐसे करीब 22 किसानों को शिकायतें अभी आ चुकी हे और लगातार ग्रामीण शिकायत करते जा रहे है। ऐसा ही एक मामला आया जिसमें स्थानीय सराफा व्यवसायी शखिल सोनी को बैंक कर्मचारी द्वारा रकम लेकर फर्जी चेक पकड़ा दिया गया।जिसकी शिकायत भी ब्रांच मैनेजर से की गई है।

अभ्यारण के विस्थापितों के मामले में वन विभाग पर भी सवाल उठ रहे हैं, क्योंकि ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग के कहने पर ही उन्होंने एचडीएफसी बैंक में खाते खुलवाए थे। ग्रामीणों ने एसडीएम और बैंक मैनेजर से इस धोखाधड़ी की शिकायत की है। नगर के भी कुछ लोगों के साथ धोखाधड़ी का मामले सामने आया हे लेकिन स्थानीय लोगों द्वारा कही शिकायत नहीं को गई हे।

इस मामले पर एचडीएफसी बैंक के मैनेजर कैमरे पर कुछ भी कहने से बचते दिखे। वहीं, एसडीएम कुलदीप पाराशर ने ग्रामीणों की शिकायत पर कार्रवाई शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि जांच के लिए बैंक अधिकारियों को बुलाया गया है और जल्द ही नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

यह घटना दिखाती है कि कैसे विस्थापित लोगों को आर्थिक धोखाधड़ी का शिकार बनाया जा रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन और बैंक को मिलकर निष्पक्ष जांच करनी चाहिए ताकि पीड़ितों को न्याय मिल सके।



## गढाकोटा महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस मनाया

**गढाकोटा।** सागर जिले के गढाकोटा शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बुधवार के दिन राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) का स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए.के. सिन्हा ने शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि एनएसएस विद्यार्थियों के संपूर्ण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम अधिकारी सुश्री आकृति खरे ने विद्यार्थियों को एनएसएस के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान करते हुए महत्व को बताया। डॉ. किशोरी सोनी ने भी एनएसएस से जुड़े अनुभवों को विद्यार्थियों के साथ साझा करते हुए बताया कि एनएसएस विद्यार्थियों में सामाजिक दायित्व,श्रम के प्रति सम्मान,चेतना और अनुशासन की भावना को पैदा करता है। स्वयंसेवक दुर्गेश अहिरवार ने भी एनएसएस से जुड़े अनुभवों को साझा किया। कार्यक्रम में पूर्व आयोजित एनएसएस शिविर की वीडियो विद्यार्थियों को दिखाकर अपनी सक्रिय सहभागिता हेतु प्रेरित किया गया। इसके उपरांत अधिक से अधिक छात्र छात्राओं का एनएसएस में पंजीयन किया गया। कार्यक्रम में शिम्पी मौर्य, दीपक बर्मन, अभय सिंह यादव, बृजेंद्र सिंह दांगी, अभय सिंह यादव, डॉ कृष्णा बागड़े, डॉ.मेघा सिंह, सुमन कुमारी, बृजलाल अहिरवार, शरद चौबे, ममता अहिरवार, रोशनी रोहित, स्वाति जैन, रजनी चौदहा, आकाश सेन, सुप्रिया जैन, सुरभि सोनी के साथ स्वयंसेवक अतुल तिवारी, अमित खरे, माधुरी सिलावट एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। आभार कार्यक्रम अधिकारी विनोद बागड़े ने माना।

## राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस एवं जिला-स्तरीय स्वयंसेवक उन्मुखीकरण कार्यक्रम सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

पं. दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, सागर में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस एवं जिला-स्तरीय स्वयंसेवक उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता के मार्गदर्शन और अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में शासकीय शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्ट महाविद्यालय, सागर, शासकीय पी.एम. कॉलेज ऑफ एक्सिलेन्स, मकरोनिया और सहोद्राबाई शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज, सागर के कार्यक्रम अधिकारी और स्वयंसेवक सम्मिलित हुए।




कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिविल सर्जन, जिला चिकित्सालय, सागर डॉ. आर. एस. जयंत और विशिष्ट अतिथि के रूप में मेरा युवा भारत क्षेत्रीय कार्यालय, जिला-सागर के उप-निदेशक रोहित यादव उपस्थित रहे। यादव ने अपने उद्बोधन में विकसित भारत क्विज़ के बारे में स्वयंसेवकों को जानकारी दी और माई भारत पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन हेतु मार्गदर्शन दिया। डॉ. जयंत ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य, कुपोषण और एच.आई.व्ही. जैसे गंभीर विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि युवाओं को इन समस्याओं के प्रति सदैव सतर्क और जागरूक रहना चाहिए, क्योंकि स्वस्थ युवा ही सशक्त समाज और राष्ट्र की नींव रखते हैं। उन्होंने विशेष रूप से कुपोषण की समस्या को दूर करने के उपाय बताए और एच.आई.व्ही. से बचाव के लिए सावधानियों पर जोर दिया। साथ ही, डॉ. जयंत ने रक्तदान से जुड़ी भ्रांतियों को स्पष्ट करते हुए बताया कि यह एक सुरक्षित और मानवीय कार्य है। उन्होंने रक्तदान के महत्त्व को रेखांकित करते हुए युवाओं को इसके लिए प्रेरित किया।अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों और महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि रासेयो से जुड़कर विद्यार्थी समाजसेवा, अनुशासन और नेतृत्व जैसे गुण विकसित कर सकते हैं। यह योजना केवल समाज के उत्थान का माध्यम नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण व्यक्तित्व निर्माण की दिशा में भी सहायक है। डॉ. गुप्ता ने स्वयंसेवकों से अपेक्षा की कि वे अपने जीवन में सेवा और सहयोग की भावना को बनाए रखें तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान दें। उन्होंने सभी को निरंतर रासेयो से जुड़े रहने का संदेश दिया।

## क्षत्रिय महासभा महिला विंग का कार्यकारिणी का विस्तार

**सागर।** क्षत्रिय महासभा जिला सागर की महिला विंग में कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए पदाधिकारियों की जिम्मेदारियों में परिवर्तन करते हुए नई पदाधिकारियों की भी नियुक्ति की है। महिला विंग अध्यक्ष प्रीति सिंह ने कार्यकारिणी में 2 नये उपाध्यक्ष, 8 जिला महामंत्री व 10 जिला मंत्री नियुक्त किए हैं।क्षत्रिय महासभा सागर (महिला विंग) में उपाध्यक्ष के पद पर नेहा सोलंकी व अर्चना प्रणय सिंह की नई नियुक्ति हुई है। जिला महामंत्री के पद पर विनीता सिंह राजपूत, रितु राहुल सिंह पीपरा, श्रद्धा हर्षवर्धन सिंह, बेबी ठाकुर, अनुपमा सिंह राजपूत, ज्योति चौहान, साक्षी सिंह, वैष्णवी सिंह को नियुक्त किया गया है।जिला मंत्री के पद पर सीमा सिंह ठाकुर बन्नाद, सीमा सिंह चौहान,नंदिनी हरी सिंह खुरई, दिव्या ठाकुर मौली, रुचि सिंह ठाकुर, निकिता सिंह बीना, सविता सिंह ठाकुर, भक्ति सिंह राजपूत, विंदेश राजपूत, राजबाला ठाकुर की नियुक्ति हुई है। विशेष कार्यकारिणी सदस्य एड.वर्षासिंह ठाकुर तथा नीना बैस को बनाया गया है। इस परिवर्तन एवं विस्तार के साथ जो पुरानी कार्यकारिणी है वो यथावत रहेगी।

### उत्साहपूर्वक मनाया गया आयुर्वेद दिवस

**सागर।** जिला आयुष अधिकारी के निर्देशन में जिला नोडल अधिकारीद्वारा शासन की योजना अनुरूपआयुर्वेद दिवस का सागर जिले के आयुर्वेद चिकित्सालय, आयुष विंग एवं समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिर,एचडब्लूसी औषधालयों में आयुर्वेद जन-जन के लिये, पृथ्वी के कल्याण के लिए की थीम पर उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया है। आयोजन पर समस्त आयुष संस्थाओं में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क औषधि का वितरण लगभग चार हजार से अधिक सामान्य जानों का स्वास्थ्य परीक्षण कर लाभ दिया गया।

मंदिर का निर्माण लगभग 450 साल पहले हुआ था

# मिनी मैहर के नाम से प्रसिद्ध है टिकीटोरिया पर विराजी जगदंबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहली

रहली के नजदीक पहाड़ी पर विराजी में शेरावाली का दरबार मिनी मैहर संसार में मिनी मैहर के नाम से जाना जाता है यहां पर माता के दरबार में आने वाले हर भक्त की मुरादें मां पूरी करती है। रहली जबलपुर रोड पर रहली से 5 किमी दूर टिकीटोरिया पहाड़ी पर विराजमान मां सिंहवाहिनी के इस मंदिर को मध्यप्रदेश में मिनी मैहर के नाम से जाना जाने लगा है। टिकीटोरिया के मुख्य मंदिर में अष्टभुजा धारी मां सिंह वाहिनी की नयनाभिराम प्रतिमा है।

मंदिर के निर्माण में संबंध में बहुत अधिक तो जानकारी नहीं है पर लोगों के अनुसार मंदिर का निर्माण सुनार नदी के तट पर स्थित किले के समकालीन ही लगभग 450 साल पहले हुआ था। मंदिर का निर्माण पहले तो रानी दुर्गावती द्वारा करवाया गया तथा यहां पर पत्थर की मूर्ति स्थापित की गई। करीब 50 साल पहले मातादीन अवस्थी और द्रोपती बाई के सौजन्य से सुरेन्द्र नाथ अवस्थी द्वारा संगमरमर की नयनाभिराम मूर्ति की स्थापना करायी गयी। लगभग 30 से 35 साल पहले यहां पहाड़ काटकर मिट्टी की सीढ़ियां बनायी गयी थीं फिर पत्थर रख दिये गये और सन 1984 में जीर्णोद्धार समिति का गठन किया गया। वर्तमान



में जन सहयोग से मंदिर मे ऊपर तक जाने के लिए 365 सीढ़ियां हैं। भारत के कोने कोने के लोगों के दान से यहां संगमरमर की सीढ़ियों के निर्माण में दान दिया हैं इसके अलावा यहां विभिन्न धार्मिक आयोजन शादी,विवाह आदि के लिए लगभग 15 धर्मशालाएं भी हैं जो विभिन्न समाज समितियों द्वारा बनवायी गयी हैं। टिकीटोरिया के मुख्य मंदिर के सामने ही उंचाई पर शंकर जी का मंदिर बना है तथा मंदिर के दाहिनी ओर से एक गुफा है जिसमें राम दरबार तथा पंचमुखी हनुमान जी की विशाल प्रतिमा है मंदिर के पीछे यज्ञशाला और भैरव बाबा का मंदिर भी है। टिकीटोरिया का पहाड़ सागौन के वृक्षों से भरा है। उपर मंदिर होने के कारण यह पहाड़ सिद्ध क्षेत्र होने के साथ साथ यह स्थान प्राकृतिक सौंदर्य से भरा हुआ है पूरी पहाड़ी सागौन के वृक्षो से आच्छादित है इसके अलावा चारों ओर हरे भरे खेत श्रद्धालुओं का मन मोह ही लेते हैं। पहाड़ के नीचे बना तालाब में नहाना और बगीचा में झूला झूलना श्रद्धालुओं की टिकीटोरिया यात्रा को अविस्मरणीय बना देता है।

ऐसी मान्यता है कि टिकीटोरिया में मां भवानी के दरबार में आकर की गयी हर मान्यता पूरी होती है मेला के अवसर पर अनेक लोग पहली बार मन्नत करने तो अनेक लोग मन्नत पूरी होने के बाद मां भवानी के दरबार में उपस्थिति दी है। ऐसी मानता हे कि मॉ शेरावाली के दरबार में संपत्ति ही नही संतान की भी प्राप्ति होती है। मॉ के दरबार में आने वाले सभी भक्तों की मन्नत पूरी होती है लोग रोते रोते आते है हंसते हंसते जाते है अनेक श्रद्धालु तो मॉ की महिमा सुनकर पहली बार आये है यह सोचकर कि मै भी मांग के देखू जिसने जो मांगा वो पाया है। दो दशक पहले यहां केवल पहाडी पर मॉ का मंदिर था और सीडियां भी नही थी चढने के लिये काफी मशक्कत करनी पढती थी लेकिन अब काफी जीर्णोद्धार हो गया है।

### बुंदेलखंड का पहला रोप वे स्वीकृत

टिकीटोरिया धाम में पूर्व मंत्री वर्तमान विधायक गोपाल भार्गव के अथक प्रयास से यहाँ बुंदेलखंड का पहला रोप वें लगने वाला है जिससे यहाँ आने वाले श्रद्धांलुओं को और भी सहूलियत होगी, रोव वें के स्वीकृति हो चुकी है अब बस काम लगना वाकी है यहाँ पर विभिन्न समाजो की धर्मशाला व हाट बाजार का भी निर्माण कराया है, वही समिति द्वारा भी विभिन्न विकास कार्य किये गए है।

## मुख्यमंत्री मोहन यादव आज जैसीनगर से करेंगे अन्न सेवा जागरूकता योजना का शुभारंभ



**सागर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव 25 सितंबर को सागर जिले के प्रवास पर आ रहे है। प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव सागर जिले की सुरखी विधानसभा क्षेत्र के जैसीनगर में अन्न सेवा जागरूकता योजना का शुभारंभ करेंगे। वहीं मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव लगभग 215 करोड़ की लागत के निर्माण कार्यो का लोकार्पण और भूमिपूजन करेंगे। मुख्यमंत्री जैसीनगर में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे तथा कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, पंचायत विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, के हितग्राहियों को हितलाभों का वितरण भी करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ यादव सागर के महाकवि पद्माकर सभागार मोतीनगर में पं. दीनदयाल उपाध्याय जी की जन्म जयंती के अवसर पर आयोहित गोष्ठि एवं सम्मान समारोह में भाग लेंगे।




### एनसीसी केडिट ने किया विश्व नदी दिवस का आयोजन

**रहली।** सांदीपनि विद्यालय रहली में 24 सितम्बर को विश्व नदी दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य महोदय ने विद्यार्थियों को नदियों के महत्व और उनके संरक्षण की आवश्यकता के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि नदियाँ हमारी जीवनरेखा हैं, जिनसे हमें पीने का पानी, सिंचाई, विद्युत और परिवहन जैसी अनेक सुविधाएँ प्राप्त होती हैं। कार्यक्रम की शुरुआत प्रभात फेरी से हुई, जिसमें छात्रों ने नदियों को स्वच्छ रखने का संदेश दिया विद्यार्थियों ने स्लोगन और पोस्टर बनाकर नदी बचाने का संदेश दिया। अंत में सभी ने शपथ ली कि वे नदियों को प्रदूषित नहीं करेंगे और उनके संरक्षण के लिए समाज में जागरूकता फैलाएँगे। इस आयोजन से विद्यार्थियों में नदियों के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ी और यह संकल्प लिया गया कि स्वच्छ और सुरक्षित नदियाँ ही हमारे उज्ज्वल भविष्य की गारंटी हैं। कार्यक्रम का संचालन एनसीसी अधिकारी के नेतृत्व में हुआ जिसमें विद्यालय के समस्त शिक्षकों ने सहभागिता की।




### कला उत्सव में सांदीपनि विद्यालय के छात्र विजेता

**रहली।** सांदीपनि विद्यालय रहली के विद्यार्थी शासकीय उत्कृष्ठ उ. मा. विद्यालय सागर में आयोजित संभाग स्तरीय कला उत्सव में शामिल हुए तथा शानदार प्रदर्शन करते हुए शास्त्रीय गायन (एकल) में उदित नारायण पुराणी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं शास्त्रीय वादन(समूह) में सुमित पाराशर, प्रशांत दुबे, शौर्य मिश्रा, तेजस्विनी सेंधिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। भास्कर पुराणी ने हारमोनियम एवं अनंत तिवारी ने तबले पर संगत दी। मार्गदर्शी शिक्षक के रूप में डॉ उमेश कुमार वैद्य व यशी पटेरिया उपस्थित रहे। प्रभारी प्राचार्य दिलीप कुमार चौबे सहित समस्त संदीपनि विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।



### 145वां निशुल्क स्वास्थ्य शिविर संपन्न

**सागर।** डॉ हरी सिंह गौर विश्वविद्यालय के पूर्व चिकित्सा अधिकारी ब्र. डॉ. सोमेश्वर नाथ शुक्ला एवं ब्र. शांति देवी शुक्ला की स्मृति में एवं आयुर्वेद दिवस समारोह विषय के अंतर्गत 145 वां निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आज संपन्न जिसमें 139 रोगियों का निशुल्क स्वास्थ परीक्षण तथा परामर्श डॉ राजेश शुक्ला द्वारा दिया गया। जिसमें योग प्रशिक्षण एवं आहार का आयुर्वेद से संबंधित निशुल्क साहित्य भी वितरित किया गया। जिसमें रक्ताल्पता के 25, रक्तशर्करा के 46, यूरिक एसिड 20, 48 मांशपेशियों की जांच की गई यह शिविर प्रातः शिवओम सोम शांति चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र 5 सिविल लाइन सागर के परिसर में किया गया इस अवसर पर रजाखेड़ी, मकरोनिया, पथरिया जाट, ख़ेजरा, देवरी, रहली, सेमरा पीला इत्यादि गांव के रोगियों ने लाभ लिया इस शिविर में वीरेंद्र गोस्वामी, सत्येश शुक्ला, अंकित, लोकेश, नीलेश, विपिन जैन, यशवंत कुमार, सोनू साहू, अजय द्विवेदी, अर्पित देसाई, राजेंद्र रावत इत्यादि का विशेष सहयोग रहा।

### नगर निगम द्वारा सफाई मित्रों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु सफाई मित्र सुरक्षा शिविर आयोजित किए गए

**सागर।** नगर निगम आयुक्त के आदेशानुसार नगर निगम द्वारा स्वच्छता ही सेवा राष्ट्रव्यापी अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। शहर की सफाई व्यवस्था में कार्य कर रहे नगर निगम के सफाई मित्रों एवं उनके परिवारजनों के स्वास्थ्य लाभ हेतु सफाई मित्र सुरक्षा शिविर आयोजित कर जिला चिकित्सालय, चमेली चौक अस्पताल एवं संजीवनी क्लीनिक भगवानगंज में स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में स्थित सामुदायिक, सार्वजनिक शौचालयों एवं सुलभ शौचालयों की साफ-सफाई, शहर के मुख्य बाजारों, सभी सार्वजनिक स्थलों,बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, अस्पताल परिसर, तालाब के घाटों,शैक्षणिक संस्थानों एवं वार्डों की गलियों की सफाई कर स्वच्छ किया जा रहा है तथा सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को रोकने दुकानों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की जा रही है।

विद्यालय में एक भी छात्र नहीं मिला मौजूद, शिक्षक भी मिला सिर्फ एक उपस्थित

# अचानक निरीक्षण पर पहुंचे सीईओ वर्मा स्कूल की हालत देख हुए आगबबूला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा



शासकीय स्कूलों में शिक्षा की स्थिति और शिक्षकों की उपस्थिति का फैक्टचैक करने के उद्देश्य से ज़ब क्षेत्र के एक स्कूल में क्षेत्रीय जनपद सीईओ ने अचानक निरिक्षण किया तो स्कूल की स्थिति देख सीईओ आगबबूला हो गए। क्योंकि उन्हें स्कूल में छात्र तो एक भी नहीं मिला और शिक्षक मिला तो सिर्फ एक। स्कूलों में शिक्षक आ रहे हैं या नहीं। इस हकीकत का जायजा लेने के लिए पलेरा जनपद पंचायत के सीईओ ने बीते बुधवार के दिन ग्राम पंचायत बूदौर अंतर्गत आने वाले गांव कोटरा खैरा के स्कूल का जायजा लिया। लेकिन स्कूल की स्थिति देख सीईओ वर्मा नाराज हो गये।

### छात्रों व शिक्षकों की गैरमौजूदगी का शिक्षक नहीं दे पाए कोई जवाब

करीब 12 बजे के लगभग स्कूल में पहुंचे जनपद पंचायत के सीईओ सिद्धगोपाल वर्मा को विद्यालय में एक भी छात्र उपस्थित नहीं मिला। शासकीय प्राथमिक शाला कोटरा खैरा में महज एक शिक्षक की उपस्थिति एवं सभी छात्र एवं छात्राओं की अनुपस्थिति को लेकर सीईओ वर्मा ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। सीईओ सिद्धगोपाल वर्मा ने जब स्कूल में विद्यार्थियों के उपस्थित न होने का कारण पूछा तो मौजूद एकमात्र शिक्षक के पास इसका कोई जवाब नही था। बताया गया है कि इस पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित शिक्षकों व प्राचार्य के बिरुद्ध नोटिस जारी किए गए हैं।

### एक ही दिन में हस्ताक्षर कर भरे जाते हैं उपस्थिति रजिस्टर, ग्रामीण अंचलों की स्थिति बदतर



बताया गया है की पलेरा विकासखंड के अंतर्गत आने वाले अधिकांश शासकीय स्कूलो के हाल बदहाल हैं। स्कूलों में पढ़ाने के लिए शिक्षक नहीं पहुंच रहे हैं। उपस्थिति रजिस्टर खाली रखे जाते है, जिन्हे एक ही दिन में हस्ताक्षर करके बाद में भर दिया जाता है। ग्रामीण अंचलों में स्कूलों का हाल ज्यादा खराब है। यहां पर शिक्षक नियमित नहीं आ रहे। जिसकी असल बजह यह बताई गईं है कि ग्रामीण स्कूलों के अधिकतर शिक्षक नगर एवं शहर में निवास करते हैं। शहर से गांव में जाने वाले शिक्षक नियमित स्कूल में नहीं पहुंचते हैं। स्कूल में बच्चे आते हैं, लेकिन शिक्षक के नहीं आने से छात्र वापस लौट जाते हैं।

### आंगनबाड़ी केन्द्रों पर भी पाई गईं खानापूर्ति और मनमानी

अचानक किये गये निरीक्षण के दौरान ज़ब जनपद सीईओ सिद्धगोपाल वर्मा कोटरा खैरा आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचे तो आँगनबाड़ी बंद पाई गईं। आँगनबाड़ी में न तो आँगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद थी और न ही बच्चे। आँगनबाड़ी बंद पाए जाने पर सीईओ वर्मा ने नाराजगी व्यक्त करते हुए मौजूद संबंधित अधिकारियो से इसका कारण पूंछा तो बो कोई जबाब नहीं दे पाए। तब सीईओ वर्मा ने कोटरा खैरा आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकर्ता और सहायिका के बिरुद्ध तत्काल कार्यवाही के निर्देश देते हुए कहा कि शासन की योजनाओं में इस तरह की लापरवाही और अनियमितता वर्दाश्त के बाहर है।

### रतवास आंगनबाड़ी में भी नहीं मिले थे बच्चे नोटिस जारी कर की गई थी कार्रवाई

ग्रामीण क्षेत्र में संचालित आंगनबाड़ियों का भी यही बना हुआ है। जहाँ प्रतिदिन आंगनबाड़ी खोलने के स्थान पर कुछ दिन ही आँगनबाड़ी का संचालन किया जाता है। लेकिन जिस दिन आंगनबाड़ी खोली जाती है, उस दिन भी बच्चो को आँगनबाड़ी में नहीं बुलाया जाता बल्कि बिना बच्चो के ही आँगनबाड़ी को खोलने और बंद करने की परम्परा निभा ली जाती है। बीते दिनों ग्राम पंचायत रतवास में इसी प्रकार अचानक निरीक्षण पर पहुंचे सीईओ सिद्धगोपाल वर्मा को उक्त आंगनबाड़ी केंद्र में एक भी बच्चा उपस्थित नहीं मिला था। जिस पर जनपद सीईओ वर्मा ने सख्त नाराजगी व्यक्त कर कार्यवाही करते हुए नोटिस जारी किये थे।

उत्कृष्ट विद्यालय में किया राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारंभ

# बच्चों के विकास हेतु महत्वपूर्ण है एलबेंडाजोल गोलीः डॉ पीके माहौर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

राष्ट्रीय कृमी मुक्ति दिवस का कलेक्टर विवेक श्रोतिय के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में शुभारंभ किया गया। मुख्य चिकित्सा एबं स्वास्थ्य अधिकारी सीएमएचओ डॉ पीके माहौर द्वारा उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1 में छात्र छात्राओं को एलबेंडाजोल की गोली खिलाकर दिवस की शुरुआत की गईं।

इस मौके पर सीएमएचओ डॉ माहौर ने कहा कि यह दवा बच्चो के स्वास्थ्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि यदि बच्चो के पेट में कृमि हो जाये तो वह बच्चों के ग्रोथ को प्रभावित करते हैं जिससे बच्चो के खून में हिमोग्लोबिन की कमी हो जाती है और बच्चे एनिमिया के शिकार हो जाते हैं। बच्चों को कमजोरी एवं थकान महसूस होने लगती है। उनका खेलने पढने में मन नहीं लगता वह बीमार रहने लगते हैं। इसलिए बच्चो के स्वास्थ्य के लिए इस दवा का सेवन करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यह दवा पूर्णतः सुरक्षित है। लेकिन अपवाद स्वरूप इस दवा के सेवन से किसी एक को चक्कर आना, पेट दर्द, जी मिचलाना आदि समस्या हो सकती जो तात्कालिक होती है। जिससे घवराने की जरूरत नहीं है। अगर किसी को इस तरह की समस्या हो तो वह ओआरएस पैकेट का उपयोग करें, समस्या कुछ समय में स्वतः ठीक हो जायेगी। इसके बाद डॉ माहौर ने बच्चों को प्रेरित करने और उनकी शंकाओं का समाधान करने के लिए सभी के समक्ष सर्वप्रथम स्वयं एलबेंडाजोल की गोली का सेवन कर बच्चों को उदाहरण प्रस्तुत किया। डॉ केएम वरूण डीआईओ ने बताया कि जिले में 1 बर्ष से 19 बर्ष तक एवं 19 बर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को एलबेंडाजोल की गोली खिलाई जानी है। 23 सितम्बर को स्कूल एवं आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से एक साथ दवा खिलाई जा रही है। और जो बच्चे दवा सेवन से वंचित रह जायेंगे उन्हे 26 सितंबर को होने वाले मॉ अप राउंड में दवा खिलाई जायेगी। उन्होंने कहा कि एलबेंडाजोल की गोली का सेवन खाना या नास्ता करने के पश्चात ही करें। 1 बर्ष से 2 बर्ष तक आधी गोली पीसकर, 2 से 3 बर्ष तक 1 गोली पीसकर, 3 वर्ष से अधिक उम्र के बालक बालिकाओं को गोली का सेवन चबाकर करना है। उन्होने बताया कि गर्भवती महिलाओं एवं धात्री माताओं को इस गोली का सेवन नहीं करना है। साथ ही अगर किसी महिला का एलर्जी सम्बंधित पूर्व इतिहास हो तो वो भी इस दवा का सेवन न करें। इस अवसर पर मनोज नायक जिला मीडिया अधिकारी, अंकित रावत एपीएम शहरी क्षेत्र, चंद्रशेखर तिवारी, सरोज सुमन एएनएम, मख्खन कुशवाहा, रूपल रावत शिक्षक, ऋृषभ कुमार, एच एस अहिरवार, राकेश जैन, जितेन्द्र द्विवेदी सहित अधिकारी कर्मचारी एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

भ्रमण कार्यक्रम सुरक्षित संपन्न होने पर पुलिस अधीक्षक ने जिला पुलिस को दी बधाई

# पूर्वाभ्यास व सुनियोजित व्यवस्था के तहत हुआ राज्यपाल भ्रमण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



किसी भी कार्य की चुनौती को पूर्ण करने के लिये उस कार्य को लेकर किया गया पूर्वाभ्यास एबं सुनियोजित व्यवस्था को किया जाना अत्यंत आवश्यक होता है। यह बात पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा जिले में राज्यपाल के भ्रमण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन की तत्परता और कार्यकुशलता की सराहना एबं जिला पुलिस को बधाई देने के दौरान कही गई।

पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने अपने अधीनस्थ सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को राज्यपाल के भ्रमण कार्यक्रम को शांतिपूर्वक और सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने के लिए बधाई दी है। एसपी मंडलोई के नेतृत्व में सुरक्षा व्यवस्था को अत्यंत व्यवस्थित और सुनियोजित तरीके से तैयार किया गया। सुरक्षा के सभी आवश्यक पहलुओं को ध्यान में रखते हुए एक व्यापक योजना बनाई गई, जिसमें फिक्स पॉइंट्स, पार्किंग, मार्ग व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल की सुरक्षा, हेलीपैड सुरक्षा व्यवस्था, एडी पार्टी, रिजर्व पार्टी, और अन्य आवश्यक बिंदुओं पर पुलिस बल की तैनाती की गई। पुलिस बल को ड्यूटी के दौरान अपनी जिम्मेदारियों के बारे में ब्रीफ किया गया था और सुरक्षा के लिहाज से सभी जरूरी निर्देश दिए गए थे। पुलिस प्रशासन ने इस कार्यक्रम के आयोजन से पहले पूर्वाभ्यास भी सुनिश्चित किया था ताकि किसी भी स्थिति से निपटते हुए पूरी तन्मयता से कार्य किया जा सके। पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने इसे सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए जिले के सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की मेहनत की सराहना की और उनका आभार व्यक्त किया।

नवरात्रि पर एसपी मंडलोई की विशेष पहल, भरोसा पुलिस दल कर रहा जागरूक

# मां दुर्गा की भांति बालिकाएं भी आत्मबल व विश्वास से हो परिपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



नवरात्रि के पावन पर्व पर पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने संदेश जारी करते हुए कहा कि नवरात्रि नारी शक्ति की उपासना का पर्व है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारी बालिकाएँ, माँ दुर्गा की भाँति साहस, आत्मबल और आत्मविश्वास से परिपूर्ण हों। उनकी सुरक्षा, स्वतंत्रता और सम्मान केवल प्रशासन का नहीं, बल्कि सम्पूर्ण समाज का साझा दायित्व है। इस अभियान के माध्यम से हम महिलाओं और बालिकाओं को सक्षम, आत्मनिर्भर और सुरक्षित समाज का हिस्सा बनाने का प्रयास कर रहे हैं। जिला पुलिस यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि सभी महिलाएँ और बालिकाएँ सुरक्षित, सशक्त और समान अवसरों से संपन्न समाज का हिस्सा बन सकें।

पुलिस अधीक्षक द्वारा विशेष पहल करते हुए महिला सुरक्षा, स्वतन्त्रता, सम्मान और सशक्तिकरण को लेकर भरोसा पुलिस दल का गठन करके पुलिस दल द्वारा बच्चियो, महिलाओ व छात्राओं को जागरूक किया जा रहा है। नवरात्रि के पावन अवसर पर जब सम्पूर्ण समाज शक्ति स्वरूपा माँ दुर्गा की उपासना में लीन है। इसी दौरान पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में महिला सुरक्षा, स्वतंत्रता व सम्मान अभियान को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित किया जा रहा है। यह अभियान महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने, उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने और समाज में समान अधिकारों के प्रति चेतना जगाने के उद्देश्य से प्रारंभ किया गया है। इस अभियान के अंतर्गत जिले में नीड, परी, भरोसा, सहारा एवं आसरा नामक अलग अलग विशेष महिला पुलिस दल गठित किए गए हैं। ये दल निर्धारित क्षेत्रों में जाकर महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, आत्मरक्षा और जागरूकता संबंधी प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। भरोसा महिला पुलिस दल द्वारा शहर के गर्ल्स हॉस्टल में छात्राओं के लिए जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इसमें छात्राओं को आत्मरक्षा की विभिन्न तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। सुरक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। साथ ही महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी साझा की गई। जिसमें महिला हेल्पलाइन 1090, साइबर हेल्पलाइन 1930 एवं पुलिस आपातकालीन सेवा नंबर 112 के बारे में बताया गया।

पर्यटन को बढ़ावा देने पूरे प्रदेश को तीन हवाई सर्किलों में बांटा

# ओरछा व टीकमगढ़ में पीएमश्री हवाई सेवा को मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़






भाजपा नेता विकास यादव की पहल एक बार पुनः रंग लाई। भाजपा नेता विकास यादव की पहल पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को लिखे गये पत्र के परिणाम स्वरूप अब टीकमगढ़ एबं ओरछा में धार्मिक पर्यटन के लिये हेलीकाप्टर सेवा की मंजूरी दे दी गई है। प्रदेश में पर्यटन और व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए सार्वजनिक व निजी भागीदारी मॉडल पर प्रदेश के 54 शहरों और पर्यटन स्थलों के लिए पीएमश्री धार्मिक पर्यटन हेली सेवा के तहत हेलीकॉप्टर सेवा शुरू की जाएगी। इन 54 शहरों में ओरछा व टीकमगढ़ का भी नाम शामिल है। मंगलवार 23 सितंबर को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की अध्यक्षता में आयोजित हुई मंत्री परिषद की बैठक में इसे मंजूरी प्रदान की गई है।

### पत्र लिखने के 28 दिन बाद ही मिली हवाई सेवा की उपलब्धि

भाजपा नेता विकास यादव ने हवाई सेवा की मांग करते हुए इसी वर्ष 25 जुलाई को केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को पत्र लिखा था। जिसको आगे बढ़ाते हुए केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने श्रीराम राजा सरकार की नगरी ओरछा में पीएमश्री हेलीकॉप्टर सेवा शुरू करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को 9 सितंबर को पत्र लिखा था। जिसे 23 सितंबर मंगलबार के दिन मंजूरी मिल गई है, इसमें सभी हवाई अड्डों, हेलीपैड एवं हवाई पट्टियों के बीच निजी ऑपरेटर द्वारा चुने गए स्थलों पर उक्त सेवा शुरू होगी। निजी ऑपरेटर प्रति सेक्टर में सिंगल या डबल इंजन वाले न्यूनतम 6 सीटर हेलीकॉप्टर का संचालन करेंगे। इसके जरिए प्रमुख शहर, पर्यटन स्थल, इको टूरिज्म स्थलों के लिए परिवहन सेवा उपलब्ध होगी। ओरछा के साथ-साथ टीकमगढ़ को भी इस योजना में शामिल किया गया है।

### उत्तराखंड की तर्ज पर की गई पर्यटन को नई उड़ान देने की पहल

प्रदेश सरकार द्वारा एमपी पर्यटन को नई बढ़ावा देने के लिए पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मोड पर हेलिकॉप्टर सेवा शुरु करने का फैसला किया गया है। इस पहल से प्रमुख धार्मिक, ऐतिहासिक और प्राकृतिक स्थलों को हवाई मार्ग से जोड़ा जाएगा। यह पहल उत्तराखंड की तर्ज पर की जा रही है, जिसका उद्देश्य राज्य के तीर्थ स्थलों, पर्यटन स्थलों और नेशनल पार्कों को हवाई मार्ग से जोड़ना है। इस कदम से न केवल पर्यटकों की यात्रा आसान होगी बल्कि राज्य में पर्यटन को भी एक नई गति मिलेगी।

### सेवा का उद्देश्य पर्यटको व सैलानियों की पर्यटन स्थलों से कनेक्टिविटी बेहतर करना

इन सेवाओं का मुख्य उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों और दूसरे राज्यों से आने वाले सैलानियों को कम समय में प्रमुख स्थलों तक पहुंचाने का है। जिससे पर्यटन स्थलों की कनेक्टिविटी बेहतर होगी और सैलानियों को लंबी सड़क यात्रा से राहत मिलेगी। यह सेवा एक किफायती और सुविधाजनक विकल्प होगा जो पर्यटकों को कम समय में अधिक से अधिक जगहों का अनुभव करने का मौका देगा। सरकार ने इसके लिए तीन प्रमुख सेक्टर तय किए हैं, जिससे सेवा प्रदाता कंपनियां अपने रूट का चुनाव कर सकेंगी।

### हवाई सर्किल सेक्टर 2 में शामिल किया गया टीकमगढ़ व ओरछा

पीएमश्री हेलीकाप्टर योजना में पूरे प्रदेश को तीन अलग-अलग हवाई सर्किलों में बांटा गया है। इन सर्किलों में धार्मिक, ऐतिहासिक और प्राकृतिक स्थलों को शामिल किया गया है, ताकि हर तरह के पर्यटकों की रुचि पूरी हो सके। सेक्टर 1 में पश्चिमी और मध्य मध्य प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थल शामिल हैं। जिनमे इंदौर, उज्जैन, ओंकारेश्वर, मांडू, महेश्वर, गांधीसागर, हनुवंतिया, नीमच, खंडवा, खरगोन, बुरहानपुर, बड़वानी, अलीराजपुर, रतलाम, झाबुआ, नलखेड़ा सहित भोपाल और जबलपुर भी इस सेक्टर का हिस्सा हैं। सेक्टर 2 में मध्य और उत्तरी मध्य प्रदेश के हिस्सों को शामिल किया गया है। यह उन पर्यटकों के लिए फायदेमंद होगा जो वाइल्डलाइफ और ऐतिहासिक स्थलों में रुचि रखते हैं। इसमें भोपाल, मढ़ई, पचमढ़ी, तामिया, सांची, दतिया, ग्वालियर, शिवपुरी, कूनो वन्यजीव व राष्ट्रीय उद्यान, ओरछा, गुना, राजगढ़, सागर, होशंगाबाद, बैतूल, टीकमगढ़ सहित जबलपुर को भी इस सेक्टर में शामिल किया गया हैं। इसके अलावा सेक्टर 3 में पूर्वी मध्य प्रदेश और विंध्य क्षेत्र को कवर किया गया है, जो मुख्य रूप से वन्यजीव और धार्मिक स्थलों के लिए प्रसिद्ध है। इसमें जबलपुर, बांधवगढ़, कान्हा, पेंच राष्ट्रीय उद्यान व वन्यजीव अभयारण्य, चित्रकूट, मैहर, अमरकंटक, पन्ना, खजुराहो, सरसी, परसिली, कटनी, रीवा, सिंगरौली, सिवनी, सीधी, मंडला, भोपाल और इंदौर को भी इस सर्किट से जोड़ा जाएगा।

स्वच्छता ही सेवा अभियान

# मानव श्रृंखला बनाकर छात्रों ने दिया स्वच्छता का कलात्मक संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा



स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत के संकल्प को साकार करने के लिए नगर परिषद सीएमओ शिवि उपाध्याय व नपा प्रशासन ने मंगलवार को एक अनूठी पहल की। मोडल हाई सेकेंडरी स्कूल पलेरा के छात्रों ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत अपने उत्साह और जोश के साथ मानव श्रृंखला बनाकर स्वच्छ पलेरा का कलात्मक रूप में संदेश दिया। विद्यालय परिसर और मुख्य मार्ग पर बनी यह मानव श्रृंखला देखने लायक थी। सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने मिलकर अपनी अनुशासन और रचनात्मकता से ऐसा दृश्य प्रस्तुत किया मानो पूरा नगर स्वच्छता की शपथ ले रहा हो। बच्चों की ऊर्जा और सामूहिक एकता ने यह साबित कर दिया कि स्वच्छ भारत का सपना तभी पूरा होगा जब नई पीढ़ी इसकी अगुवाई करेगी। मानव श्रृंखला के माध्यम से छात्रों ने यह संदेश दिया कि स्वच्छता केवल नगर परिषद या प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। बच्चों ने अपने हाथों में स्वच्छता से जुड़े नारों वाले पोस्टर थाम रखे थे. जिन पर लिखा था कचरा फैलाना बंद करो, पलेरा को स्वच्छ बनाओ और स्वच्छता अपनाओ, बीमारियों को दूर भगाओ। इस अवसर पर नगर परिषद पलेरा सीएमओ शिवि उपाध्याय ने कहा कि स्वच्छता अभियान तभी सफल होगा जब समाज का हर वर्ग इसमें भागीदारी करेगा। उन्होंने छात्रों की सराहना करते हुए कहा कि यह दृश्य आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा कि बच्चों ने न केवल मानव श्रृंखला बनाई बल्कि अपने गीतों और नारों के जरिए लोगों को खुले में कचरा फैलाने के दुष्प्रभावों के बारे में भी जागरूक किया। पलेरा में आयोजित इस कार्यक्रम संदेश दिया गया कि स्वच्छता केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि राष्ट्रीय गौरव और सामाजिक जिम्मेदारी है। बच्चों के शानदार प्रदर्शन ने नगरवासियों को यह संकल्प दिलाया कि स्वच्छ पलेरा, स्वच्छ भारत का सपना अब हर दिल की आवाज़ बनना चाहिए।

## धोबनी टेटरा सड़क मार्ग पर जाम में यात्री वाहनों के साथ एंबुलेंस भी फंसी

# विजयपुर में खाद को लेकर किसानों ने तीन दिन में तीसरी बार लगाया जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

खाद की समस्या प्रशासन के लिए ऐसी अबूझ पहेली बन गई है जिसे प्रशासन जितना सुलझाने का प्रयास कर रहा है वो उतनी ही अधिक उलझती ही जा रही है। इसकी बानगी विजयपुर में खाद के लिए हो रहा प्रदर्शन है। बुधवार को खाद नहीं मिलने से किसानों ने धोबनी टेटरा सड़क पर जाम लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। एक घंटे तक चले इस जाम को विजयपुर पुलिस ने पहुंचकर खुलवाया इस दौरान जाम में कई यात्री वाहनों में बैठे लोग गंतव्य तक पहुंचने का इंतजार करते रहे वहीं एक एंबुलेंस भी करीब आधे घंटे तक जाम में फंसी दिखाई दी।

उधर कलेक्टर अर्पित वर्मा मांग अनुसार खाद का स्टॉक भेजने के निर्देश दे रहे हैं और मंगलवार को भी विजयपुर में खाद भेजा गया तो फिर प्रश्न यही उठ रहा है कि अगर प्रशासन किसानों को खाद की आपूर्ति पर्याप्त मात्रा में कर रहा है तो फिर अव्यवस्थाएं कहां हो रही हैं जिसके लिए किसानों को जाम लगाने की नौबत पड़ रही है। ज्ञात हो कि मंगलवार को विजयपुर मुख्यालय पर स्थित क्वारी नदी पुल पर किसानों ने खाद के लिए जाम लगा दिया था और इससे पहले अंधुपुरा खाद वितरण केंद्र पर पत्थर फेंके गए थे।

अभी सितंबर चल रहा है, जो खरीफ मौसम का अंत और रबी मौसम की शुरुआत होती है। इस समय खरीफ फसलों की कटाई हो रही है, जैसे धान, मक्का और कपास, जो जून-जुलाई में बोई गई थीं। इसके साथ ही, किसान अब रबी फसलों के लिए मिट्टी तैयार करना शुरू कर रहे हैं, जिसमें गेहूँ और चना जैसी फसलें शामिल हैं, जिनकी बुवाई अक्टूबर-नवंबर में की जाती है। खरीफ सीजन की पिछली बुआई वाली फैसले अभी तैयार नहीं हुई है और उन्हें ग्रोथ बढ़ाने के लिए खाद की सख्त जरूरत है, उधर रबी सीजन की तैयारी में लगे किसान भी खाद के लिए वितरण केंद्र पर लाइन लगाने पहुंच रहे हैं जिससे प्रशासन का गणित गड़बड़ा गया है। कृषि विभाग ने जो रकबा बताया है उसके अनुसार प्रशासन खाद आपूर्ति कर रहा है इसके बावजूद किसानों की नाराज़गी दूर होने का नाम नहीं ले रही है। विजयपुर में जहां मंगलवार को क्वारी नदी के पुल पर लगाए गए जाम को प्रशासनिक अधिकारियों ने किसानों को समझाइश देकर जाम खुलवाया था और उसके बाद एसडीएम की मांग अनुसार कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर वहां खाद की आपूर्ति भी कर दी गई थी इसके बावजूद खाद वितरण केंद्र खुलने से पहले ही किसानों ने सुबह ही हाईवे पर जाम लगा दिया जो अपने आप में कई शंकाओं को भी जन्म देता है। ऐसा भी लगता है कि उक्त जाम में किसानों के पीछे कोई राजनीतिक शक्तियां भी छुपी हो सकती हैं, जो शासन प्रशासन की छवि खराब करना चाहती है।



### जाम में आधा घंटे तक फंसी रही एम्बुलेंस

जम के कारण एक एंबुलेंस में फंसी रही हालांकि एंबुलेंस में कोई मरीज नहीं था लेकिन एंबुलेंस के ड्राइवर सतीश धाकड़ ने बताया कि वह 108 विजयपुर एम्बुलेंस को कॉल आने पर वह मरीज (गर्भवती) को लेने टेटरा जा रहा था जाम लगने के कारण एंबुलेंस आगे ले जा पा रहा हूं। किसानों ने एंबुलेंस को भी तभी आगे जाने दिया जब थाने से पहुंची पुलिस ने जाम को खुलवा दिया इस दौरान पुलिस ने जाम लगाने वालों को एफआईआर की चेतावनी विधि और उनके वीडियो भी बनाए।

### मांग अनुसार भिजवाया खाद

कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर जिले में किसानों को उर्वरक वितरण किया गया। जानकारी के अनुसार श्योपुर, कराहल एवं विजयपुर विकासखण्डों के विभिन्न सहकारी संस्थाओं और डबल लॉक केन्द्रों से किसानों को डीएपी, एनपीके एवं यूरिया का वितरण किया गया। श्योपुर विकासखण्ड के डबल लॉक केन्द्र श्योपुर से 520 बोरी एनपीके एवं 540 बोरी यूरिया वितरित की गई, वहीं डबल लॉक केन्द्र बड़ौदा से 60 बोरी एनपीके किसानों को उपलब्ध कराई गई। कराहल की विपणन सहकारी समिति से 106 बोरी एनपीके तथा विजयपुर के डबल लॉक केन्द्र से 460 बोरी डीएपी वितरित हुई। इसी प्रकार बीरपुर की सहकारी समिति से 111 बोरी यूरिया किसानों को दी गई। कुल मिलाकर जिले में 460 बोरी डीएपी, 686 बोरी एनपीके एवं 651 बोरी यूरिया का वितरण किया गया। इस प्रकार 1797 बोरी उर्वरक किसानों तक पहुंचाया गया।

### अभी खेतों में खड़ी हैं खरीफ सीजन की ये फसलें

खरीफ सीजन में मुख्य रूप से धान, मक्का, बाजरा, ज्वार, सोयाबीन, मूंगफली, कपास, और अरहर जैसी फसलें उगाई जाती हैं। इसके अलावा, खरीफ सीजन में तिल, उड़द, मूंग, और जूट जैसी फसलें भी उगाई जाती हैं। श्योपुर जिले की बात करें तो यहां धान की बुआई सबसे अधिक होती है बीते एक दशक से किसान धान बुआई के लिए नए नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं।

### अक्टूबर में बोई जाने वाली रबी फसलें

अनाजः गेहूं, जौ, जई, राई
दालेंः चना, मसूर, मटर
तिलहनः सरसों, अलसी, कुसुम
सब्जियांः प्याज, लहसुन, गाजर
मसालेः धनिया, जीरा, सौंफ, इनमें से श्योपुर जिले में गेहूं और सरसों अधिक बोई जाती है बीते कुछ सालों से गेहूं उत्पादन में जिला नए नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

## तीन एसएडीओ एवं तकनीकी सहायक को कारण बताओ नोटिस

# फसल विविधिकरण को बढ़ावा दें, चियासीड एवं मशरूम उत्पादन को प्रमोट करें:वर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



कलेक्टर अर्पित वर्मा ने कहा कि जिले में फसल विविधिकरण को बढ़ावा दिया जाए, इससे मिट्टी की उपजाऊ क्षमता पर्यावरण के अनुरूप बनी रहती है, एक ही तरह के फसल उत्पादन से मिट्टी की उर्वरा क्षमता कम होती जाती है। किसानों को चियासीड एवं मशरूम की खेती के लिए प्रोत्साहित किया जाए और उन्हें आवश्यक तकनीक एवं प्रशिक्षण प्रदान किया जाए। वे बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन की बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर समीक्षा के दौरान कम प्रगति पाए जाने पर श्योपुर, विजयपुर एवं कराहल के वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारियों तथा तकनीकी सहायक को वेतनवृद्धि रोके जाने के संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिये गये। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर विजय शाक्य, उप संचालक कृषि मुनेश शाक्य, कृषि वैज्ञानिक डॉ कायम सिंह सहित पशुपालन, मत्स्य, उद्यानिकी आदि विभागों के अधिकारी प्रगतिशील कृषक भरत जाट, एनजीओ प्रतिनिधि नीरज श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

कलेक्टर अर्पित वर्मा कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन के तहत दलहन एवं तिलहन फसलो का रकबा बढाया जायें, आत्मा प्रोजेक्ट के तहत नवाचार करते हुए फसल प्रदर्शन किये जाये तथा किसानों को चियासीड, मशरूम खेती की तकनीकी के लिए एक्सपोजर कराया जायें। उन्होने निर्देश दिये कि जिले में 5 साल के भीतर सरसो की नवीन बैरायटी का बीज उपलब्ध कराया जायें तथा लक्ष्य अनुसार स्प्रीकंलर सेट प्रदान किये जायें। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि 44 कस्टम हायर सेंटर में सुपर सीडर की उपलब्धता सुनिश्चित की जायें। उन्होने कहा कि पराली प्रबंधन के अंतर्गत किसानों का सहयोग निरंतर प्राप्त हो रहा है तथा 103 सुपर सीडर किसानों द्वारा क्रय कर लिये गये है, और भी किसानों को अनुदान पर सुपर सीडर खरीदने के लिए प्रोत्साहित किया जाए।

### इन्हें जारी किए नोटिस

कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा बैठक के दौरान बायो फर्टिलाइजर का लक्ष्य पूर्ण नही करने तथा अनुदान के तहत स्प्रीकंलर सेट की कम प्रगति पर श्योपुर एसएडीओ शरद रघुवंशी, कराहल एसएडीओ राजू जाटव, विजयपुर एसएडीओ विष्णु राठौर को एक-एक वेतनवृद्धि तथा कृषि कार्यालय श्योपुर में पदस्थ तकनीकी सहायक वीरेन्द्र जाटव को दो वेतनवृद्धि रोके जाने हेतु कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए हैं।

# कुटीर उद्योग ग्रामीण क्षेत्र की अर्थव्यवस्था की रीढ़:लोकेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



कुटीर उद्योग ग्रामीण एवं अर्द्ध ग्रामीण क्षेत्र की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। इससे स्थानीय समुदाय को रोजगार प्राप्त होता है। स्थानीय कुटीर उद्योग में लाख के चूड़े, मिट्टी के बर्तन, लकड़ी के फर्नीचर, खिलौने एवं कलात्मक वस्तुएं निर्मित की जाती है। इन वस्तुओं की विक्री को बढ़ाने के लिए स्थानीय लोगो में जागरूकता पैदा की जाना चाहिये। यह बात कॉलेज के प्रोफेसर डॉ लोकेन्द्र सिंह जाट ने बुधवार को पीएम कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस पीजी कॉलेज श्योपुर में सेवा पखवाडे के तहत स्थानीय कुटीर एवं लघु उद्योग के प्रति जागरूकता विषय पर आयोजित व्याख्यान एवं राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस कार्यक्रम को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए कही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ उर्मिला बाथम ने कहा कि कुटीर एवं लघु उद्योग भारत की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

स्थानीय कुटीर एवं लघु उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता की आवश्यकता है। राजनीति शास्त्र के प्रोफेसर डॉ. रमेश भारद्वाज तथा सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी डॉ. विपिन बिहारी शर्मा ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्योपुर जिले में लाख शिल्प एवं लकड़ी शिल्प जैसे अनेकों कुटीर उद्योगों की संभावनाओं को बताते हुए युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ. ओपी शर्मा ने राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि व्यक्ति यदि एक घंटा स्वयं के लिए और एक घंटा राष्ट्र के लिए कार्य करें तो विकसित भारत के लक्ष्य को हम आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सीमा चौकसे ने किया। कार्यक्रम में शैक्षणिक स्टाफ सहित लगभग एक सैकड़ा विद्यार्थी उपस्थित थे।

# विभिन्न समस्याओं से संबंधित 220 आवेदन किए गए प्रस्तुत



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिला कलेक्ट्रेट में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने आमजन की समस्याएं गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए। आज आवेदकों ने जनसुनवाई में अपनी समस्याओं से संबंधित सीमांकन, बिजली, पेंशन, नगरपालिका, स्वास्थ्य और नामांतरण के आवेदन प्रस्तुत किये गये, जिनके निराकरण के निर्देश कलेक्टर श्री कन्याल ने दिये। इस दौरान लगभग 220 आवेदन नागरिकों द्वारा प्रस्तुत किये गये, जिनके त्वरित समाधान के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये गये। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा अधिक से अधिक लोगों को आधार एवं स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त हो इसके लिए विशेष प्रबंध के निर्देश दिये गये हैं।

इसी क्रम में जनसुनवाई में नागरिकों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा 70+ आयुष्मान कार्ड, नेत्र परीक्षण, एचआईव्ही की जांच सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध करायी गई, जिनका बड़ी संख्या में आवेदकों द्वारा लाभ लिया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अखिलेश जैन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक दुबे, अनुविभागीय अधिकारी गुना श्रीमति शिवानी पाण्डेय, सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारीगण उपस्थित थे।

# मेडिकल स्टोर्स की होगी जांच कलेक्टर ने गठित किए दल

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

मेडिकल स्टोर्स की जांच के लिए कलेक्टर अर्पित वर्मा ने दल गठित कर दिए हैं। यह दल बगैर लाइसेंस के मेडिकल स्टोर संचालित होने तथा बगैर डॉक्टर के पर्चे के प्रतिबंधित दवाएं विक्रय किये जाने पाये जाने पर ड्रग इस्पेक्टर के माध्यम से कार्यवाही करायेगे। श्योपुर एवं बडौदा तहसील में संचालित मेडिकल स्टोर्स की जांच के लिए गठित दलों को अगले तीन दिनों में आंवटित क्षेत्रो के मेडिकल स्टोर्स की जांच करने के निर्देश दिए गए है। श्योपुर शहर के लिए डिप्टी कलेक्टर विजय शाक्य, प्रेमसर वृत्त क्षेत्र के लिए तहसीलदार मनीषा मिश्रा, तहसील बडौदा क्षेत्र के लिए नायब तहसीलदार सुरेश कुमार राठौर तथा राजस्व वृत्त मानपुर क्षेत्र, ढोढर, दांतरदा के लिए नायब तहसीलदार कुलदीप बोहरे के नेतृत्व में दलों का गठन किया गया है। यह सभी दल एसडीएम श्योपुर गगन सिंह मीणा के मार्गदर्शन में कार्य करेंगे।

ड्रग इस्पेक्टर मनीष कुशवाह सभी दलो के संपर्क में रहेंगे तथा जांच की गाइडलाइन बनाकर सभी दलों को उपलब्ध करायेंगे और गंभीर अनियमितताएं पाये जाने की स्थिति में संबंधित मेडिकल स्टोर पर वैधानिक कार्यवाही करेंगे।

### भैस चोरी मामले में फरार 5 हजार का इनामी चोर दबोचा

**श्योपुर।** ढोढर थाना पुलिस ने भैस चोरी मामले में फरार बने एक पांच हजार रूपए के इनामी चोर को दबोच लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की तीन भैसे भी बरामद की है। ढोढर थाना प्रभारी श्यामवीर सिंह तोमर ने बताया कि 9 जुलाई को गणेश माली निवासी बंध ने उसकी 5 भैसों के चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए संदेही के तौर पर राहुल बंजारा और बबलू बंजारा निवासी बलावनी का नाम बताया। इसके बाद चोरी की एफआईआर दर्ज कर उनकी तलाश शुरू की,लेकिन दोनो आरोपी फरार हो गए। इस पर पुलिस कप्तान के द्वारा दोनो आरोपियों पर 5-5 हजार का इनाम घोषित किया गया। बुधवार को मुखबिर की एक सटीक सूचना पर दबिश देकर बबलू बंजारा निवासी बलावनी को दबोच लिया। उसके कब्जे से तीन चोरी की भैसे भी बरामद कर ली गई। वहीं दूसरे आरोपी की तलाश की जा रही है।

# जमीयत उलमा ए हिंद ने नशा के खिलाफ अभियान को तेज करने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

नशे के खिलाफ जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से चलाए जा रहे अभियान को और तेज करने की मांग को लेकर जमीयत उलमा ए हिंद (मौलाना महमूद मदनी घुट) ने कलेक्टर अर्पित वर्मा एवं एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा।

जमीयत के जिला अध्यक्ष शौकतउल्लाह खान ने बताया कि उन्होंने जमीयत के उपाध्यक्ष नबी अहमद मंसूरी एवं मकसूद खान के साथ कलेक्टर एवं एसपी से मिलकर उन्हें जिले में संयुक्त रूप से चलाए जा रहे अभियान के लिए मुबारकबाद दी और नशे की प्रवृत्ति को जड़ से समाप्त करने की मांग करते हुए कहा कि जो लोग नशा लाकर जिले में बेच रहे हैं उन पर कठोर कार्रवाई की जाए ताकि युवा पीढ़ी को नशे से बचाया जा सके।



## कई बार लगाए विभागीय कार्यालयों के चक्कर, फिर भी नहीं मिला वेतन

# शिक्षा विभाग की लापरवाही,11 महीने से वेतन के लिए तरस रहे रघुनाथपुर स्कूल के दो मास्साब

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

विजयपुर विकासखंड के रघुनाथपुर कस्बे में संचालित शासकीय हायरसेकंडरी स्कूल में बच्चों को पढ़ाने वाले दो शिक्षकों का वेतन शिक्षा विभाग की लापरवाही के चलते अटक गया है। जिसके चलते इन दोनों शिक्षकों को जब से रघुनाथपुर स्कूल में पदस्थी हुई है, तब से लेकर आज तक इन्हें वेतन ही नहीं मिल सका है। खास बात यह है कि यह दोनों शिक्षक वेतन न मिलने संबंधी परेशानी को लेकर कई बार विभागीय कार्यालयों के चक्कर लगा चुके हैं। लेकिन इसके बाद भी इन्हें 11 महीने गुजर जाने के बाद भी वेतन नसीब नहीं हो सका है। ऐसे में यह दोनो शिक्षक बिना वेतन ही काम करने को मजबूर हो रहे है और विभागीय अफसर इनकी सुनवाई नहीं कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रघुनाथुपर में नंबवर 2024 में गणित विषय के उच्च माध्यमिक शिक्षक रामलखन माहौर और अंग्रेजी विषय के उच्च माध्यमिक शिक्षक चिदानंद पारिक की ज्वॉइनिंग हुई थी। बताया गया है कि जब से इन दोनो शिक्षकों की रघुनाथपुर स्कूल में ज्वाइनिंग हुई है,तब से ही यह दोनो शिक्षक नियमित रूप से विद्यालय में पढाने के लिए पहुंच रहे है और यहां पढाते हुए इन्हें करीब 11 महीने भी बीत गए है,लेकिन इन दोनों शिक्षकों को अभी तक एक माह का भी वेतन नहीं मिल सका है। बताया गया है कि उक्त दोनो शिक्षकों ने वेतन दिए जाने के लिए सारी विभागीय प्रक्रियाए भी पूरी कर ली है और अपनी सर्विस बुक, अंतिम वेतन प्रमाण पत्र और सभी जरूरी दस्तावेज भी समय पर विभागीय कार्यालय में जमा करवा दिए है। लेकिन इसके बाद भी इन्हें 11 महीने बीत जाने के बाद भी वेतन जारी नहीं किया गया है।




### वेतन के अभाव में कर्ज और मानसिक तनाव से जूझ रहे शिक्षक

एक माह का भी वेतन रूक जाए तो कर्मचारियों के घरों का बजट बिगड जाता है,लेकिन रघुनाथपुर स्कूल के उक्त दोनो शिक्षको को एक ही नहीं,बल्कि 11 महीने हो जाने के बाद भी वेतन नहीं मिल सका है। जिसकारण यह दोनो शिक्षक अपने परिवार की गाडी कर्ज लेकर चला रहा है। जिससे इन शिक्षकों पर कर्ज चढने के साथही मानसिक तनाव भी हावी होता जा रहा है। शिक्षक चिदानंद पारिक ने बताया, "मेरे पिताजी हृदय रोग और टीबी से ग्रसित हैं। उनके इलाज के लिए पैसों की सख्त जरूरत है। वेतन न मिलने से कर्ज लेकर घर चला रहा हूँ, जिससे पूरा परिवार भारी मानसिक तनाव में है। उधर शिक्षक रामलखन माहौर का कहना है कि वह भी गंभीर आर्थिक परेशानियों से जूझ रहा है।

### डीईओ कार्यालय से लेकर जनसुनवाई तक लगाई गुहार,नतीजा सिफर

दोनों शिक्षकों ने संकुल केंद्र, बीईओ कार्यालय विजयपुर और डीईओ कार्यालय श्योपुर से लेकर कलेक्टर की जनसुनवाई तक हर दरवाजे पर पहुंचकर गुहार लगाई, लेकिन नतीजा सिफर रहा। उधर विभागीय अधिकारियों का कहना है कि इनका कर्मचारी कोड जारी नहीं होने के कारण वेतन नहीं मिल रहा है। लेकिन सवाल यह है कि कर्मचारी कोड विभागीय कार्यालय स्तर से ही जारी होता है। इसके लिए संबंधित कर्मचारियों को जरूरी दस्तावेज जमा करने के बाद आवश्यक प्रक्रिया पूरी करनी होती है,मगर उक्त दोनो शिक्षकों ने अपने विभागीय दस्तावेज और सभी आवश्यक कार्रवाई पूरी कर ली गई है। इसके बाद भी इन्हें कर्मचारी कोड अभी जारी क्यों नहीं किया गया है। ऑनलाइन सिस्टम होने के बाद भी इतनी लेटलतीफी क्यों हो रही है।

### इनका कहना..

एंप्लॉय कोड न होने के कारण वेतन नहीं मिल सका है, लेकिन इस मामले में विभागीय कार्रवाई चल रही है। एंप्लॉय कोड जारी किए जाने के लिए कलेक्टर से अनुमोदन हो गया है। जल्द ही दोनों शिक्षकों को वेतन मिल जाएगा।

**एमएल गर्ग**
**डीईओ, श्योपुर**

## ढोढर पहुंचे बिजली कंपनी के डीजीएम, किसानों से की चर्चा

# धमकी से सुधरी बिजली व्यवस्था तो किसानों ने स्थगित किया चक्काजाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

चक्काजाम करने की किसानों की धमकी के बाद बिजली कंपनी ने ढोढर क्षेत्र की बिजली व्यवस्था को सुधार दिया। इससे ढोढर क्षेत्र के किसानों ने 24 सितंबर को हांसिलपुर नहर फाटक पर किए जाने वाला चक्काजाम स्थगित कर दिया। बुधवार को बिजली कंपनी के उप महाप्रबंधक शुभम कुमार ने ढोढर पहुंचकर किसानों के साथ चर्चा की और उन्हें पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराए जाने का भरोसा दिलाया।

बताना होगा कि ढोढर क्षेत्र के दर्जनभर गांवों के किसानो नें क्षेत्र में बिजली समस्या गंभीर होने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को ढोढर स्थित बिजलीघर का घेराव किया था और फिर ढोढर थाने पहुंचकर ज्ञापन दिया। कलेक्टर के नाम दिए ज्ञापन में किसानों ने साफ शब्दों में चेतावनी दी थी कि 24 घंटे के भीतर ढोढर क्षेत्र की बिजली व्यवस्था को सुधारा नहीं गया तो बुधवार को हांसिलपुर नहर फाटक पर क्षेत्र के किसान बडी संख्या में पहुंचकर चक्काजाम करेगे। बताया जा रहा है कि चक्काजाम की धमकी से हरकत में आए बिजली कंपनी के अधिकारियों ने अधिनस्थ अमले को अलर्ट करते हुए ढोढर क्षेत्र की बिजली व्यवस्था को सुधार दिया। जिसके चलते ढोढर कस्बे सहित क्षेत्र में मंगलवार को रातभर से बिजली की उपलब्धता बनी हुई है। किसानों का कहना है कि बिजली व्यवस्था सुधरने के कारण चक्काजाम को स्थगित किया गया है।

### डीजीएम ने किसानों को दिया पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराने का भरोसा

बिजली कंपनी श्योपुर उत्तर के उप महाप्रबंधक शुभम कुमार बुधवार को ढोढर स्थित बिजली सब स्टेशन पहुंचे, जहां भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक गर्ग सहित ढोढर के अन्य गणमान्य नागरिक और क्षेत्र के किसान भी मौजूद थे। चर्चा के दौरान किसानों ने उप महाप्रबंधक को अवगत कराया कि इस समय क्षेत्र के किसानों को सिंचाई के लिए बिजली सख्त जरूरत है। लेकिन किसानों को जरूरत के लिहाज से बिजली नहीं मिलने से पूरे क्षेत्र के किसानों का आक्रोश बढ रहा है। इसलिए किसानों को शैड्यूल के हिसाब से बिजली की उपलब्धता कराई जाए। ताकि फसल खराब न हो पाए। इस दौरान उप महाप्रबंधक शुभम कुमार ने किसानों की समस्याए सुनने के बाद कहा कि लोड अधिक हो जाने के कारण कभी कभी लाइन ट्रिप हो जाती है। इसलिए थोडी दिक्कत हो जाती है। वैसे हमारी पूरी कोशिश रहती है कि बिजली बराबर मिलती रहे।

## खबर संक्षेप

### आईजा के संभागीय अध्यक्ष बने राजेश



**बीना।** देश के जैन पत्रकारों का सक्रिय संगठन ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन (आईजा) के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया की अनुशंसा पर आईजा प्रदेश अध्यक्ष राजीव जैन ने बीना के वरिष्ठ पत्रकार राजेश जैन को सागर का संभागीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। गौरतलब है कि आगामी 5 अक्टूबर को जैन पत्रकारों का महाकुंभ जैन मुनिश्री सुधा सागर महाराज के सानिध्य में अशोकनगर के संपन्न होने जा रहा है। इसी कार्यक्रम के मद्देनजर वरिष्ठ पत्रकार राजेश जैन को संभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। राजेश जैन ने सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि अशोकनगर में आयोजित जैन पत्रकार महाकुंभ को सफल बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। पत्रकार जैन को संभाग के सभी जैन पत्रकारों ने शुभकामनाएं दी है।

### विद्युत मंडल रिटायर्ड कर्मचारी अजय कुमार सेन का हुआ निधन



**बीना।** विद्युत मंडल रिटायर्ड कर्मचारी अजय कुमार सेन (लल्ला) का मंगलवार की रात सागर के एक प्राइवेट अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार बुधवार को इटावा मुक्तिधाम में किया गया। मुखग्नि उनके पुत्र अनुपम सेन एवं अनुराग सेन ने दी। अंतिम संस्कार के दौरान विद्युत मंडल कर्मचारी, समाज बंधु एवं शहरवासी उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी।

### कस्बे में एक दर्जन स्थानों पर विराजी मां दुर्गा की झांकी

**राजपुर।** सोमवार को कस्बे में एक दर्जन स्थानों पर मां दुर्गा की झांकी लगाई गई हैं। नव रात्रि पर शुरुआत में घट स्थापना के साथ यह स्थापना की गई। इधर सुबह से पीपल वाली माता के दरवार में जल अभिषेक के लिए महिला जल अर्पण करनें के लिए पहुंच रही है। वही हनुमान मंदिर हाट बाजार चोराहे वालें मन्दिर पर मां दुर्गा के मन्दिर पर भक्तों का ताता लगा रहता है। यह पर्व भक्ति श्रद्धा भाव से युवा मंडल जगह जगह पांडालों कों साज सज्जा कर माता दुर्गा की शुभ मुहूर्त में घट स्थापना कर झांकी लगाईं। जिसमें कलश स्थापना खपर में ज्वारे वोय गये। झांकियों के अलावा घरों में भी अखंड ज्योति जला कर माता रानी की आरधना में श्रद्धालु देखे जा रहे हैं। वही सुरक्षा व्यवस्था में राजपुर चोकी प्रभारी रघुवीर सिंह माडरे ने झांकी पंडालों में पहुंच पहुंच कर जायज़ा लिया वही पुलिस स्टांप कों भी निर्देश दिए कि गांव में चहल-पहल जगहों पर पहुंच कर देख रेख करनें के इस तरह नो दिनों तक चलने वालें महा पर्व पर माता के दरवार में हवन पूजन भी हर रोज सुबह शाम होते देखें गये।

### उत्कृष्ट विद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस

अशोकनगर। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अशोकनगर में मंगलवार को पूर्व विधायक अशोकनगर जजपाल सिंह के मुख्य आतिथ्य में मनाया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में धर्मेन्द रघुवंशी जिला मंत्री भाजपा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अलका त्रिवेदी ने की। विद्यालय की प्राचार्य सीमा जैन भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जजपाल सिंह द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी बच्चों को एलवेन्डाजोल कृमिनाशक गोली खाने के लिये प्रेरित किया गया तथा बच्चों को स्वयं के हाथ से गोली खिलाई गई। सर्वप्रथम एनीमियमा मुक्त भारत के संभागीय समन्वयक पुरूषोत्तम परमार द्वारा छात्र'-छात्राओ को एलवेन्डाजोल कृमिनाशक गोली का महत्व विस्तार से बताया।

## करैरा में भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी ने मूलभूत समस्याओं का सौंपा ज्ञापन

# खाद, सड़क, बिजली, पानी और अवैध उत्खनन को मुद्दा बनाकर रखीं मांगें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा





मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले के करैरा तहसील में भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के कार्यकर्ताओं ने तहसील कार्यालय में एसडीएम को एक संयुक्त ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र की गंभीर मूलभूत समस्याओं के तत्काल समाधान की मांग की। इस शांतिपूर्ण प्रदर्शन में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण, किसान, युवा और महिलाएं शामिल हुईं, जिन्होंने खाद की किल्लत, बिजली-पानी की कमी, अवैध शराब व रेत उत्खनन की गुंडागर्दी, पुलिस-प्रशासन की कथित मनमानी तथा अन्य स्थानीय मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। संगठनों ने चेतावनी दी कि यदि मांगें तीन दिनों के अंदर पूरी नहीं हुईं, तो 27 सितंबर को करैरा से नरवर तक पैदल मार्च निकालकर मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी बात रखी जाएगी, और बड़े स्तर पर आंदोलन तेज किया जाएगा। ज्ञापन में विस्तार से बताए गए मुद्दों में अवैध शराब की खुलेआम बिक्री प्रमुख रही, जो गांव-गांव में फैली हुई है। इससे अपराध बढ़ रहे हैं, सामाजिक विघटन हो रहा है और युवा नशे की गिरफ्त में आ रहे हैं। पुलिस व आबकारी विभाग की कथित मिलीभगत से इसे संरक्षण मिलने की शिकायत की गई। इसी तरह, अवैध रेत उत्खनन से पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है, शासन को राजस्व हानि हो रही है, तथा सीहोर थाना क्षेत्र में किसानों द्वारा बनाई गई सड़क को ओवरलोड डंपरों से तहस-नहस कर दिया गया। शिकायतों के बावजूद पुलिस की कोई कार्रवाई न होने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

किसानों की चिंता का विषय खाद की कालाबाजारी बनी हुई है। फसल सीजन में लंबी कतारों में इंतजार के बावजूद पर्याप्त खाद नहीं मिल रही, जिससे उनकी मेहनत पर पानी फिर रहा है। बिजली विभाग की तानाशाही से भी लोग त्रस्त हैं—बार-बार कटौती, गलत बिलिंग और मनमानी वसूली से किसान व दुकानदार परेशान हैं। गांवों में घंटों बिजली गायब रहती है, जबकि शहरों में ऊंचे बिलों का बोझ है। पीने के पानी की समस्या भी विकराल है; कई वार्डों में जल आवर्धन योजनाएं शुरू नहीं हुईं, पुरानी पाइपलाइनें जर्जर हैं, जिससे महिलाएं व बच्चे मीलों दूर हैंडपंपों से पानी लाने को मजबूर हैं।

ज्ञापन में अतिरिक्त मुद्दों को भी शामिल किया गया, जैसे जुझाई ग्राम के शासकीय माध्यमिक/प्राथमिक विद्यालय में विगत 5 वर्षों से खराब ट्रांसफॉर्मर के कारण बच्चों की पढ़ाई बाधित होना—विभाग को सूचना देने पर भी कोई सुधार नहीं। पुलिस की कथित तानाशाही पर भी निशाना साधा गया, विशेष रूप से सिहोर थाना प्रभारी द्वारा सीनियर कार्यकर्ता रामेश्वर आजाद जी को अपमानित करने की घटना, जिससे जनता में भय व असंतोष फैला है। जांच व सख्त दिशा-निर्देश की मांग की गई।

विकास के अभाव को रेखांकित करते हुए करैरा में खेल मैदान व ग्राउंड की कमी, युवाओं व बच्चों के लिए खेल सामग्री की व्यवस्था, कृषि उपज मंडी में सफाई व प्रबंधन की खराब स्थिति, नगर में पार्क व सार्वजनिक स्थलों का अभाव, मंडी क्षेत्र में शराबियों द्वारा कांच की बोतलें फोड़कर फैलाने वाली गंदगी, तथा वार्ड नंबर 12 (लोह पीटा मोहल्ला) में गंदगी का अंबार व सड़क की कमी जैसे बिंदुओं पर भी ध्यान आकर्षित किया गया। इन सभी मुद्दों का शीघ्र निराकरण न होने पर जनता का आक्रोश बढ़ने की आशंका जताई गई।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने ह्लअंबेडकर जिंदाबादह्व, ह्लमाफिया हटाओ, किसान बचाओह्व, ह्लभीम आर्मी जिंदाबादह्व व ह्लआजाद समाज पार्टी जिंदाबादह्व जैसे जोशीले नारे लगाए। एसडीएम ने मुद्दों पर जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया, लेकिन कार्यकर्ता इससे संतुष्ट नजर नहीं आए। ज्ञापन सौंपने के बाद भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी के प्रदेश सचिव महेंद्र बौद्ध ने कहा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, ह्लभाइयों-बहनों, आज हम यहां खड़े हैं क्योंकि बाबासाहेब अंबेडकर के सपनों का भारत अभी भी अधूरा है। खाद की किल्लत से किसान बर्बाद हो रहे हैं, पानी-बिजली की कमी से परिवार तड़प रहे हैं, और माफियाओं की गुंडागर्दी से गांव उजड़ रहे हैं।




## बीना का नाम किया रोशन: टेबल टेनिस में आराध्या रहीं प्रथम

**बीना।** शिवपुरी में आयोजित राज्य स्तरीय टेबल टेनिस रैंकिंग चैंपियनशिप में शहर की आराध्या राजपूत ने प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया। आराध्या ने अंडर 15 बालिका वर्ग में 3-2 से फाइनल जीता। इसके अलावा अंडर 17 और 19 बालिका वर्ग में उपविजेता रहीं। 14 साल की आराध्या ने तीनों वर्गों में अपने उम्र से बड़े खिलाड़ियों को हराकर यह उपलब्धि प्राप्त की है। गौरतलब है कि आराध्या के पिता अजय राजपूत टेबल टेनिस के अंतरराष्ट्रीय कोच है। जिनके मार्गदर्शन में आराध्या परिवार, शहर एवं जिला का नाम रोशन कर रही।




## प्रोजेक्ट लक्ष्य के तहत गांवों के बच्चों को दिया जा रहा खेल प्रशिक्षण

**बीना।** बीपीसीएल बीना रिफाइनरी द्वारा संचालित प्रोजेक्ट लक्ष्य के तहत आस-पास के गांवों में कुश्ती, चेस एवं दौड़ का प्रशिक्षण अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा दिया जा रहा है। जिसके परिणाम स्वरूप कई प्रतिभागियों ने राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन किया है।

हाल ही सागर में महाराजा छत्रसाल विश्वविद्यालय एवं रानी अवंती बाई विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रोजेक्ट लक्ष्य के तहत प्रशिक्षित खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। महाराजा छत्रसाल विश्वविद्यालय से अंजली कुशवाहा, अंजली चौरसिया एवं रानी अवंती बाई विश्वविद्यालय से सलोनी ठाकुर, शुभ्रा ठाकुर, अमृता चौरसिया, समीक्षा साहू, काजल कुशवाहा ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया।

**मोहनी साहू का संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन**

वहीं मोहनी साहू का संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ। जिसके लिए बीपीसीएल बीना रिफाइनरी प्रबंधन ने शुभकामनाएं देते हुए सहयोगी संस्था समन्वय मंडपम का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## गर्ल्स कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस पर हुआ व्याख्यान का आयोजन

# एनएसएस इकाई मनुष्य को मनुष्यत्व का भाव सिखाती है: डॉक्टर उमा लवानिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना



गर्ल्स कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस एवं सेवा पखवाड़ा अभियान के माध्यम से स्थानीय लघु एवं कुटीर उद्योगों के प्रति जागरूकता विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर चंदा रत्नाकर ने कहा कि आपको आत्मनिर्भर बनना है, इसके लिए हमारे आसपास चल रहे छोटे-छोटे लघु-कुटीर उद्योगों की जानकारी आपको रखना चाहिए। जैसे अचार, पापड़, मसाले उत्पाद और भी अन्य आदि। लघु एवं कुटीर उद्योगों की विशेषता है कि हमारी अर्थव्यवस्था को मजबूत करते हैं एवं कम लागत, सीमित संसाधन में हम अपना कार्य कर सकते हैं। हमारी सरकार भी इन उद्योगों को चलाने के लिए लोन उपलब्ध कराती है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ उमा लवानिया ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना के आदर्श वाक्य मुझको नहीं तुमको को समझाते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक ऐसी इकाई है जो मनुष्य को मनुष्यत्व का भाव सिखाती है।

कैसे हम औरों के लिए जिएं, कैसे हम अपने आप को नियंत्रित करें, कैसे हम निस्वार्थ भाव से समाज के हित में कार्य करें और कैसे हम मानव जीवन को श्रेष्ठ बनाएं यही एनएसएस का मूलमंत्र है। मुख्य वक्ता कीर्ति ठाकुर ने स्थानीय लघु एवं कुटीर उद्योगों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कुटीर उद्योग अर्थात घरों में पारंपरिक स्थानीय संसाधनों के माध्यम से चलाए जाते हैं एवं पीढ़ी का पीढ़ी हस्तांतरित होते हैं।

लघु उद्योग मशीन एवं श्रमिक पर निर्भर होते हैं जैसे आटा चक्की, डेरी, बेकरी, मिट्टी की शिल्प कला, पेंटिंग, स्केचिंग आदि। आगे कहा कि हमें आत्मनिर्भर बनना है एवं अपने भारत को आत्म निर्भर बनाना है। इसके लिए हमें विदेशी वस्तुओं को त्यागना पड़ेगा एवं अपने प्रदेश, अपने शहर, अपने आसपास के उद्योगों से जुड़कर कार्य करना होगा। कार्यक्रम में डॉक्टर रश्मि जैन, डॉक्टर रश्मि द्विवेदी, डॉक्टर दिनेश राय, डॉक्टर आशीष गुप्ता, नवीन नामदेव, नीता नामदेव, आरती ठाकुर, मनीता राजपूत, अरुण उपाध्याय, डॉक्टर दीप माला सिंह, प्रकाश चंद, यशवंत शर्मा सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

## महाविद्यालय में 10वें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस का आयोजन



**अशोकनगर।** मंगलवार क्रो प्राचार्य एवं वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ रेणु राजेश के निर्देशन व संरक्षण में वनस्पति विभाग द्वार 10वें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस का आयोजन किया गया। इस बार राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस लोगों के लिए आयुर्वेद ग्रह के लिए आयुर्वेद थीम पर आधारित था।

उक्त कार्यक्रम में बीएससी के विद्यार्थी उपस्थित थे । आयुर्वेद दिवस के अवसर पर मुख्यवक्ता डॉण अन्नसिंह चौहान ने आयुर्वेद की हमारे जीवन में उपयोगिता और औषधीय महत्व के विभिन्न पौधों के बारे में अपने विचार साझा किए डॉ रेणु राजेश ने कहा कि यह दिन सिर्फ आयुर्वेद के लिए नहीं बल्कि बेहतर स्वास्थ्य पर्यावरण संतुलन और सतत विकास के प्रति देश की प्रतिबद्धता भी है। इको क्लब प्रभारी डॉण दीक्षा भट्ट ने बताया कि आयुर्वेद दिवस आयुर्वेद को हर व्यक्ति तक पहुंचाने और वैश्विक स्वास्थ्य में उसकी अहम भूमिका को फिर से मजबूत करने का अवसर है। कार्यक्रम का संचालन वनस्पति विज्ञान विभाग के प्रवीण कौशिक द्वारा किया गया। अंत में वनस्पति विज्ञान विभाग के सदस्य डॉ अनसिंह डॉण देवेन्द्र बघेल ;भूगोलद्ध प्रवीण, अरविंद कौशिक मोनिका नामदेव संगीता अहिरवार के मार्गदर्शन में महाविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न औषधीय पौधों का रोपण किया गया।

### सर्व ब्राह्मण शक्ति संगठन ने भोजन कराया

**अशोकनगर।** सर्व ब्राह्मण शक्ति संगठन द्वारा पितृपक्ष अमावस्या के दिन वृद्ध आश्रम जाकर वृद्धो को भोजन करवाया गया। ऐसा माना जाता है कि पितृपक्ष के दौरान हमारे पूर्वज धरती पर आते हैं और सभी के दुखों को दूर करते हैं। संगठन की अध्यक्ष राखी तिवारी ने बताया कि पितृपक्ष अमावस्या पितरों को विदा करने का अंतिम अवसर होता है और इस दिन पितृ तो खुश होते ही हैं साथ में माता लक्ष्मी की भी कृपा मिलती है। इसी उद्देश्य के साथ संगठन द्वारा त्रिलोकपुरी कॉलोनी स्थित वृद्ध आश्रम जाकर सभी वृद्धो को भोजन करवाया गया और उनके सुख-दुख की जानकारी से जानकारी ली व उनके साथ भजन और भोजन भी किया और सभी को आश्वासन दिया कि वक्त वक्त पर जो भी मदद हो सकती है संगठन द्वारा मदद आपको दी जाएगी! इसमें अध्यक्ष राखी तिवारी, उपाध्यक्ष अंजू दुबे व रानी राजोरिया, सचिव रुचि शर्मा आदि मौजूद थे।

## जनसुनवाई में कलेक्टर के पास 403 आवेदक अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे

**अशोकनगर।** प्रति मंगलवार को आयोजित होने वाली जिला स्तरीय जनसुनवाई में कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा कलेक्ट्रेट के जनसुनवाई कक्ष में आवेदकों की समस्याओं को समक्ष में सुनकर निराकरण के निर्देश मौके पर उपस्थित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में 403 आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में राजस्व, पंचायत, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास,नगरीय निकाय, श्रम, सामाजिक न्याय विभाग से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में ग्राम बमनाई निवासी बिमलाबाई द्वारा कच्चा मकान गिर जाने से मुआवजा राशि दिलाये जाने,ग्राम महुआखेडा निवासी वीरसिंह यादव द्वारा मौके पर जाकर बटाकन कराये जाने,ग्राम बलदेवपुर निवासी इंद्रभानसिंह द्वारा पुलिया निर्माण कराये जाने, अशोकनगर निवासी रामकृष्ण परिहार द्वारा बीपीएल कार्ड चालू कराये जाने, ग्राम वायंगा निवासी राजकुमार यादव द्वारा केंसर पीडि होने पर ईलाज हेतु आर्थिक सहायता दिलाये जाने,ग्राम अमोदा निवासी अमर सिंह अहिरवार द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाये जाने, ग्राम सिरसौद निवासी दर्शना यादव द्वारा जमीन पर दबंगो द्वारा जबरन कब्जा करने, ग्राम चिरौली निवासी महेन्द्र सिंह नरवरिया द्वारा मजदूरी का भुगतान कराये जाने, ग्राम गढ़ला निवासी राजाराम अहिरवार द्वारा पट्टे की भूमि को कम्प्यूटर पर अमल कराये जाने,ग्राम सरजापुर निवासी बिन्नाबाई गुर्जर द्वारा जमीन पर से कब्जा हटाये जाने संबंधी समस्यामूलक आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों के निराकरण समय सीमा में किये जाने के निर्देश मौके पर दिए।

### कलेक्टर ने किया ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण

**अशोकनगर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह द्वारा मंगलवार को जिला स्तरीय ईव्हीएम वेयर हाउस तहसील परिसर अशोकनगर का आंतरिक त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान अपर कलेक्टर जिला पेंशन अधिकारी आदि साथ थे।

## भाजपा नगर मंडल के आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे जिलाध्यक्ष

# शनि मंदिर परिसर व मोतीचूर नदी घाट पर की सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना





भाजपा नगर मंडल द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत मंगलवार को मोतीचूर नदी घाट पर स्वच्छता एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत बड़ा मंदिर स्थित शनि मंदिर परिसर एवं मोतीचूर नदी घाट पर सफाई अभियान चलाया गया। नगर पालिका द्वारा भी अपने कर्मचारियों के माध्यम से नदी किनारे स्वच्छता अभियान चलाया गया। महामण्डलेश्वर राधा मोहन दास महाराज ने वृक्षारोपण कर कार्यकर्ताओं को पर्यावरण के प्रति प्रेरित किया तथा सेवा एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में हो रहे प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को सेवा पखवाड़े के रूप में मनाना हम सभी के लिए गर्व का विषय है। जिलाध्यक्ष ने नगर मंडल द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर की सराहना की एवं कार्यकर्ताओं को जीवन भर सेवा भाव से कार्य करने की प्रेरणा दी। विधायक निर्मला सप्रे ने स्वच्छता और वृक्षारोपण को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने पर बल दिया। पूर्व जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया ने कार्यकर्ताओं को निरंतर सेवा भाव से संगठन एवं समाज के लिए कार्य करने का आह्वान किया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष सिरोठिया एवं विधायक सप्रे का सम्मान किया गया। नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वच्छता, रक्तदान एवं वृक्षारोपण जैसे सेवा कार्य मानव कल्याण एवं प्रकृति संरक्षण की दिशा में किए जा रहे है। कार्यक्रम के अंत में नगरपालिका अध्यक्ष लता सकवार ने सभी अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया और नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने का संकल्प दोहराया। संचालन नगर महामंत्री आलेख राय, नंद किशोर चौधरी एवं प्रदीप तिवारी ने किया। स अवसर पर पूर्व विधायक डॉ. विनोद पंथी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शशि कैथोरिया, नपा उपाध्यक्ष रमाकांत बिलगैया, विजय हुरकट, करोड़ी यादव, रमेश जडिया, पूर्व नपा अध्यक्ष नीतू राय, मनोज शर्मा, सचिन समैया, हरिदयाल गोस्वामी, संजय सिंह ठाकुर, राकेश बिलगैया, सभापति भारती राय, संतोष राय, जितेंद्र बोहरे, मधुलिका यादव, विजय लखेरा, शुभम तिवारी, हरिओम चौबे, प्रहलाद यादव, नवीन साहू, राकेश सेन, कृष्णा कुशवाहा, ज्योति सराफ, सुनीता राय, प्रीति लखेरा, मंजू बुंदेला, कल्पना चौरसिया, शांति कुशवाहा, अंजू विलियम, राजेंद्र यादव, शिवचरण यादव, बलभद्र बुंदेला, अजय पटेल, गजेंद्र राय, अरविंद बरया आदि मौजूद थे।